भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3032

उत्तर देने की तारीख 11 जुलाई, 2019

20 आषाढ़, 1941 (शक)

असम में खेल स्टेडियम का निर्माण

3032. श्री कृपानाथ मल्लाहः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार को आर.के. नगर, जहां कुछ वर्ष पहले करीमगंज जिला खेल परिसंघ को लगभग 50 बीघा क्षेत्रफल का एक सरकारी प्लॉट आवंटित किया गया था, में एक इंडोर और आउटडोर स्पोटर्स स्टेडियम का निर्माण करने के लिए असम राज्य सरकार के खेल और युवा कल्याण विभाग से एक परियोजना अवधारणा-पत्र प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केन्द्र सरकार इस प्रयोजनार्थ आवश्यक धनराशि प्रदान करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करेगी; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) जी, नहीं ।

(ख) से (घ): प्रश्न नहीं उठता ।

*****